प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया

–:: कार्यालय आदेश ::–

आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा दिनांक 29.06.2022 को आयुक्त कार्यालय के किये गये निरीक्षण में दिये गये निदेश के आलोक में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया के कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2867 दिनांक 24.08.2022 द्वारा पाँच प्रशाखा का गठन कर उसमें प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी एवं सहायक/लिपिक को प्रशाखावार आवंटित किया गया है।

2. उक्त कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2867 दिनांक 24.08.2022 की कंडिका–1 के क्र0सं0–4 में **कल्याण एवं निर्वाचन प्रशाखा** का विषय/विभाग, प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी एवं सहायक को आवंटित किया गया है। उक्त आदेश की कंडिका–2 के अनुपालन में सहायकों के बीच निम्न प्रकार कार्य आवंटित किया जाता है :–

क्र0सं0	सहायक का नाम	आवंटित कार्य
1	श्री संतोष कुमार भगत, सहायक	समाज कल्याण विभाग (आइ0सी0डी0एस0 सहित)/सामाजिक सुरक्षा/सैनिक कल्याण/अनु0जाति जन जाति कल्याण/पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण/अल्प संख्यक कल्याण
2	श्री गोपाल कुमार गोपी, सहायक	सभी प्रकार के चुनाव एवं निर्वाचन संबंधी कार्य

3. उपर्युक्त सहायक अपने पटल से संबंधित सभी संचिकाएँ **श्री संजय कुमार, प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी** को पृष्ठांकित करेंगे।

4. उपर्युक्त सहायक अपने–अपने पटल से संबंधित बैठक, विधायी मामले एवं अन्य कार्य भी करेंगे।

5. उपर्युक्त सहायकों में से किसी एक के अवकाश में जाने पर अत्यावश्यक कार्य, कार्य हित में दूसरे सहायक द्वारा संपादित/निष्पादित किया जायेगा।

6. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

7. इस आदेश में आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/-
आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक–2942 दिनांक 29-8-22

प्रतिलिपिः–श्री संतोष कुमार भगत, सहायक/श्री गोपाल कुमार गोपी, सहायक/श्री संजय कुमार, प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आयुक्त के आशुलिपिक, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक/लिपिक/प्रतिनियुक्त लिपिक, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 प्रबंधक, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/8/22
आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।